जनपद बिजनौर

प्रेस नोट- रिजर्व पुलिस लाइन दिनाँक- 04.03.2026

रिजर्व पुलिस लाइन, जनपद बिजनौर में होली मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन।

आज दिनांक 04.03.2026 को रिजर्व पुलिस लाइन, जनपद बिजनौर में भव्य होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वामा सारथी अध्यक्षा,श्रीमती रिया पत्नी श्री अभिषेक, पुलिस अधीक्षक जनपद बिजनौर, श्रीमती संध्या कुमारी पत्नी श्री प्रकाश कुमार अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, श्रीमती आरोही श्रीवास्तव पत्नी श्री अमित किशोर श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक, पूर्वी जनपद बिजनौर, श्रीमती वान्या सिंह अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) सुश्री आकांक्षा गौतम, क्षेत्राधिकारी अपराध, श्रीमती मीरा सिकरवार पत्नी श्री देवेन्द्र सिंह सिकरवार प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन्स बिजनौर, एव अन्य पुलिस महिला अधिकारीगण/कर्मचारीगण तथा वामा वालेटियर जनपद बिजनौर उपस्थित रहीं।

उपरोक्त कार्यक्रम में पुलिस लाइन में रहने वाले पुलिस परिवार व बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर सभी ने एक दूसरे के साथ रंग और गुलाल लगाकर होली की खुशियां साझा की तथा सभी ने स्वादिष्ट जलपान किया। इस आयोजन ने पुलिस परिवार के बीच आपसी भाईचारे और सौहार्द को मजबूत करने का कार्य किया। कार्यक्रम में शामिल बच्चों के चेहरों पर खुशी और उत्साह देखते ही बनता था।

जनपद बिजनौर

प्रेस नोट- रिजर्व पुलिस लाइन दिनाँक- 05.03.2026

रिजर्व पुलिस लाइन, जनपद बिजनौर में होली मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन।

आज दिनांक 05-03-2026 को रिजर्व पुलिस लाइन, जनपद बिजनौर में भव्य होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्री अभिषेक,पुलिस अधीक्षक जनपद बिजनौर, श्री डॉ0 कृष्ण गोपाल सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक नगर, श्री प्रकाश कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, जनपद बिजनौर, श्री अंकित बंसल तथा श्री गौतम राय, सहायक पुलिस अधीक्षक, श्री संग्राम सिह, क्षेत्राधिकारी नगर श्री राजेश सिंह सोलंकी, क्षेत्राधिकारी आंकिक, श्री देश दीपक, क्षेत्राधिकारी चांदपुर, श्री नितेश प्रताप सिंह, क्षेत्राधिकारी नजीबाबाद, श्री अंजनी कुमार चतुर्वेदी, क्षेत्राधिकारी नगीना, श्री आलोक सिंह, क्षेत्राधिकारी अफजलगढ़, श्री देवेन्द्र सिंह सिकरवार, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन्स बिजनौर, एवं थाना प्रभारी/शाखा प्रभारी अन्य पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

उपरोक्त कार्यक्रम में पुलिस लाइन में पुलिस कर्मियों एवं आरटीसी जनपद बिजनौर के रिक्रूट आरक्षियों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर सभी ने एक दूसरे के साथ रंग और गुलाल लगाकर होली की खुशियां साझा की तथा सभी ने स्वादिष्ट जलपान किया। इस आयोजन ने पुलिस परिवार के बीच आपसी भाईचारे और सौहार्द को मजबूत करने का कार्य किया। कार्यक्रम में शामिल अधिकारी/कर्मचारियों की खुशी और उत्साह देखते ही बनता था।